खाटूवाले का जवाब नहीं | By Anjali Dwivedi

देता ही जाता है वो रखता हिसाब नहीं
मेरे खाटूवाले का कोई जवाब नहीं
कोई जवाब नहीं, कोई जवाब नहीं

जिसके सर पे हाथ फिरा दे उसकी मौज ही मौज है \
एक दिन की बात नहीं ये मौज रहे हर रोज़ है
उसकी किस्मत होती कभी खराब नहीं
मेरे खाटूवाले का कोई जवाब नहीं

बड़ा गज़ब का ठाठ बाट है, इसका कुछ कहना ही नहीं
एक बार जो पहना बागा दोबारा पहना ही नहीं
इसके जैसा होगा कोई नवाब नहीं
मेरे खाटूवाले का कोई जवाब नहीं

जब भी आती है ग्यारस हर प्रेमी खाटू जाने को
कुंदन अपने श्याम धणी का पावन दर्शन पाने को
तेरे जैसे कोई रखता हिसाब नहीं
मेरे खाटूवाले का कोई जवाब नहीं

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%9c%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%ac-%e0%a4%a8%e0%a4%b9%e0%a5%80%e0%a4%82-by-anjali-dwivedi/